लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

भाद्रपद कृष्ण पक्ष अमावस्या विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 300, पृष्ठ 14, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, गुरुवार, 14 सितंबर 2023

PAGE NO : 05TOP

कार्यशाला में साइबर ठगी से बचाव की जानकारी दी

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज मे बुधवार को साइबर क्राइम के विषय पर हुई कार्यशाला में साइबर क्राइम थाना के इंचार्ज नीरज सिंह ने कहा कि ईमेल, वाट्सएप, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साइबर अपराधी सबसे ज्यादा सक्रिय हैं। ये लाटरी, रोजगार, गिफ्ट, दोस्ती का प्रलोभन देकर एटीएम या नेट बैंकिंग का पासवर्ड हासिल कर ठगी करते हैं। कभी प्राइवेसी को सार्वजनिक न करें। उन्होंने खासकर लड़कियों को साइबर स्टॉकिंग से सावधान किया। कहा कि ठगी होने या पैसे कटने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम डाट जीओवी डाट इन पर ऑनलाइन शिकायत करें। डीएसडब्ल्यू डा.क्रांति कुमार ने उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान किया। प्रिंसिपल डॉ.एमएस बुटोला, पैरामेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ.जसप्रीत कौर, मेडिकल, पैरामेडिकल और नर्सिंग के विद्यार्थी मौजूद रहे।